विश्व रंग फाउंडेशन भारत
भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच!

RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY MADHYA PRADESH, BHOPAL

अंतरराष्ट्रीय हिंदी पाठ्यक्रम

पाठ्य सामग्री
CONTENT BOOK

स्तर 01

# हिंदी में अभिव्यक्ति

Level 01 - Learning to Express in Hindi

संपादक - संतोष चौबे

हिंदी सीखना और सिखाना है, विश्व में हिंदी की पहचान बनाना है।
Hindi Seekhna Aur Sikhana Hai, Vishwa Main Hindi ki Pehchan Banana Hai

विश्वरंग फाउंडेशन भारत एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र, रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र.) भारत

पाठ्य सामग्री

# हिंदी में अभिव्यक्ति

## *Learning to Express in Hindi*

अंतरराष्ट्रीय
हिंदी
पाठ्यक्रम

संपादक : संतोष चौबे

आईसेक्ट
पब्लिकेशन

ISBN : 978-93-88846-81-3

# स्तर 01: हिंदी में अभिव्यक्ति

**संपादक** : संतोष चौबे

**लेखक** : डॉ. गायत्री राजपूत एवं डॉ. मधुप्रिया

**मार्गदर्शन** : डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स

**समन्वय** : डॉ. पुष्पा असिवाल, डॉ. जवाहर कर्नावट, संजय सिंह राठौर, दिनेश लोहानी एवं आशीष नेमा

**अकादमिक सहयोग** : डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय

**चित्र, तकनीकी सहयोग एवं कंपोसिंग** : कार्तिक सराठे

**आवरण** : कमलेश ठाकुर एवं कार्तिक सराठे

**संयोजन** :
अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र, विश्वरंग फाउंडेशन
रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल

मूल्य **:** ₹ 865

प्रथम संस्करण **2025**
© आईसेक्ट पब्लिकेशन्स

**प्रकाशक** : आईसेक्ट पब्लिकेशन
ई-7/22, एस.बी.आई., अरेरा कॉलोनी,
भोपाल-462016
ईमेल : aisectpublications@aisect-org
दूरभाष : 0755-4851056
मोबाईल : 8818883165

**मुद्रक** : आईसेक्ट पब्लिकेशन
प्लॉट नंबर-10, सेक्टर-सी, औद्योगिक क्षेत्र,
बगरोदा, भोपाल, मध्यप्रदेश - 462026

---

*इस पुस्तक का सर्वाधिकार सुरक्षित है। प्रकाशक/लेखक की लिखित अनुमति के बिना इसके किसी भी अंश को, फोटोकॉपी एवं रिकार्डिंग सहित इलेक्ट्रॉनिक अथवा मशीनी, किसी भी माध्यम से, अथवा ज्ञान के संग्रहण एवं पुनरूप्रयोग की प्रणाली द्वारा, किसी भी रूप में, पुनरुत्पादित अथवा संचारित-प्रसारित नहीं किया जा सकता।*

# भूमिका



भाषा सीखना केवल शब्दों को जानना नहीं, बल्कि मन की अभिव्यक्ति को पहचानना है। हिंदी एक ऐसी भाषा है, जो दिल से दिल को जोड़ती है। आज हिंदी संपर्क भाषा के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। पुस्तक लेखन इसी वैश्विक मिशन का एक भाग है । इसके अंतर्गत पांच पुस्तकों की शृंखला तैयार की गई है। इस शृंखला में "हिंदी में अभिव्यक्ति" दूसरी पुस्तक है।

यह पुस्तक उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है, जिन्हें हिंदी का अक्षर-ज्ञान पहले से हो चुका है। यह उनके अक्षर-ज्ञान को एक कदम आगे बढ़ाती है। यहाँ हर अध्याय एक छोटा कदम है, जो विद्यार्थी को भाषा की दुनिया में धीरे-धीरे आगे बढ़ाता है। इस पुस्तक की शुरुआत हिंदी वर्णमाला से होती है, जिसमें हिंदी वर्णमाला को विस्तार से समझाया गया है। फिर विद्यार्थी शब्द बनाना, स्वयं का परिचय देना, गिनती सीखना, रंग, वस्तुएँ, फल और जानवर पहचानना, और भारतीय स्वादों को जानना सीखते हैं। धीरे-धीरे विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम और क्रिया जैसे व्याकरणिक रूपों से परिचित होकर अपने विचारों को सरल वाक्यों और संवादों में व्यक्त करना सीखते हैं। यह पुस्तक केवल भाषा सिखाने के लिए नहीं, बल्कि हिंदी की संस्कृति को जानने के लिए तैयार की गई है। यहाँ चित्र, संवाद, खेल और गतिविधियाँ सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाते हैं। हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी को व्यावहारिक जीवन में आत्मविश्वास के साथ इस्तेमाल कर सकेंगे। आइए, हम सब मिलकर इस यात्रा की शुरुआत करें!

संतोष चौबे
कुलाधिपति, रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय(भोपाल, मध्यप्रदेश)
निदेशक, 'विश्व रंग फाउंडेशन' (भारत)

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी पाठ्यक्रम पुस्तक शृंखला

प्रारंभिक – बुनियादी हिंदी

स्तर – 1 हिंदी में अभिव्यक्ति

स्तर – 2 हिंदी से संवाद

स्तर – 3 हिंदी साहित्य एवं संस्कृति

स्तर – 4 हिंदी का पल्लवन

# अनुक्रम
# Anukram
# Index


| क्रम | हिंदी | Hindi | English | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी वर्णमाला | Hindi varnmala | Hindi Alphabet | **03-12** |
| 2. | आइए शब्द बनाएं | Aaiye Shabd Banayein | Let's Make Words | **13-15** |
| 3. | मेरा परिचय | Mera Parichay | My Introduction | **16-19** |
| 4. | गिनती सीखें | Ginti Seekhen | Learn Counting | **20-24** |
| 5. | समय | Samay | Time | **25-30** |
| 6. | सप्ताह के दिन | Saptah Ke Din | Days of Week | **31-36** |
| 7. | महीनों के नाम | Mahinon Ke Naam | Name of Months | **37-43** |
| 8. | मौसम के नाम | Mausam ke Naam | Name of Seasons | **44-47** |
| 9. | आकार के नाम | Aakar ke naam | Name of Shapes | **48-52** |
| 10. | भारतीय परिधान | Bhartiye Paridhan | Indian Apparel | **53-59** |
| 11. | भारतीय स्वाद | Bhartiya swad | Taste of India | **60-65** |
| 12. | संज्ञा | Sangya | Noun | **66-70** |
| 13. | सर्वनाम | Sarvnam | Pronoun | **71-72** |
| 14. | विशेषण | Visheshan | Adjective | **73-79** |
| 15. | क्रिया | Kriya | Verb | **80-84** |

# 1

# हिंदी वर्णमाला / Hindi varnmala / Hindi alphabet

**स्वर / Swar / Vowel**

- **स्वर** वे ध्वनियाँ हैं जो बिना किसी रुकावट के उच्चारित होती हैं। हिंदी में 13 मूल स्वर हैं।
- **Swara** ve dhwaniyaan hain jo bina kisi rukavat ke ucchaarit hoti hain. Hindi mein 13 mul swar hain.
- **Vowels** are sounds that are pronounced without obstruction. There are 13 basic vowels in Hindi.

| क्रम | स्वर | Roman | IPA |
|---|---|---|---|
| 1. | अ | a | *ɑ* |
| 2. | आ | aa | *ɑː* |
| 3. | इ | i | *i* |
| 4. | ई | ee | *iː* |
| 5. | उ | u | *u* |
| 6. | ऊ | oo | *uː* |
| 7. | ऋ | ri | *rɪ* |
| 8. | ए | e | *eː* |
| 9. | ऐ | ai | *ɛː* |
| 10. | ओ | o | *o* |
| 11. | औ | au | *oː* |
| 12. | अं | ang | *əŋ* |
| 13. | अः | aha | *əh* |

**अनुनासिक या चंद्रबिंदु (ँ) Bindu Aur Chandrabindu**

अनुनासिक एक स्वर है, इसका उच्चारण करते समय मुँह से अधिक और नाक से बहुत कम साँस निकलती है। इस स्वर के लिए चंद्रबिंदु (ँ) का प्रयोग होता है और ये शिरोरेखा यानी शब्द के ऊपर लगने वाली रेखा के ऊपर लगती है।

ऐसे कुछ शब्द हैं: उदाहरण– माँ, आँख, माँग, दाँव, डाँट, दाँत आदि।

कई बार अनुनासिक या चंद्रबिंदु के स्थान पर बिंदु का भी प्रयोग किया जाता है, ऐसा तब होता है जब शिरोरेखा के ऊपर कोई और मात्रा भी लगी हो।

जैसे- इ, ई, ए, ऐ, ओ, औ की मात्राओं वाले शब्दों में चंद्रबिंदु होने के बाद भी इन मात्राओं के साथ बिंदु के रूप में ही अनुनासिक को दर्शाया जाता है।
**उदाहरण**– नहीं, मैं आदि।

**Anunaasik ya Chandrabindu (ँ), Bindu aur Chandrabindu**

Anunaasik ek swar hai, iska uchchaaran karte samay munh se adhik aur naak se bahut kam saans nikalti hai. Is swar ke liye chandrabindu (ँ) ka prayog hota hai aur ye shirorekha yaani shabd ke upar lagne waali rekha ke upar lagti hai.
**Udaharan** – Maa, Aankh, Maang, Daanv,Daant, Daant Aadi .

Kai baar anunaasik ya chandrabindu ke sthaan par bindu **(ं)** ka bhi prayog kiya jaata hai, aisa tab hota hai jab shirorekha ke upar koi aur maatra bhi lagi ho.

Jaise – **i, ee, e, ai, o, au** ki maatraon waale shabdon mein chandrabindu hone ke baad bhi in maatraon ke saath bindu ke roop mein hi anunaasik ko darshaaya jaata hai.
**Udaharan** – nahin, main aadi.

**Anunaasik or Chandrabindu (ँ), Dot and Chandrabindu**

Anunaasik is nasalized vowel. While pronouncing, more air comes out through the mouth and very little through the nose. For this vowel, the **chandrabindu (ँ)** is used, and it is placed above the horizontal line (shirorekha) of the word.
**Examples** – माँ (mother), आँख (eye), माँग (demand/parting of hair), दाँव (move), डाँट (scolding), दाँत (tooth), etc.

Sometimes, instead of using chandrabindu, a **dot (ं)** is used. This happens when the horizontal line already has another vowel mark above it, like for **इ (i), ई (ee), ए (e), ऐ (ai), ओ (o), औ (au)**. Even when nasalization is present, it is represented by a dot in such cases.
**Examples** – नहीं (no), मैं (I), etc.

**व्यंजन / Vyanjan / Consonant**

- **व्यंजन** वे ध्वनियाँ हैं जो स्वर के साथ मिलकर उच्चारित होती हैं। हिंदी में 33 मूल व्यंजन हैं।
- **Vyanjan** ve dhvaniyaan hoti hain jo swar ke saath milkar uchcharit hoti hain. Hindi mein 33 mool vyanjan hote hain.

- **Consonants** are the sounds that are pronounced together with vowel. In Hindi, there are 33 basic consonants.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क<br>( ka )<br>*kə* | ख<br>( kha )<br>*kʰə* | ग<br>( ga )<br>*gə* | घ<br>(gha)<br>*gʰə* | ङ<br>(na)<br>*ŋə* |
| च<br>( cha )<br>*tʃə* | छ<br>( chha)<br>*tʃʰə* | ज<br>( ja )<br>*dʒə* | झ<br>( jha )<br>*dʒʰə* | ञ<br>( na)<br>*ɲə* |
| ट<br>( ta )<br>*ʈə* | ठ<br>( tha)<br>*ʈʰə* | ड<br>( da )<br>*ɖə* | ढ<br>( dha )<br>*ɖʰə* | ण<br>( na)<br>*ɳə* |
| त<br>( ta )<br>*t̪ə* | थ<br>( tha )<br>*t̪ʰə* | द<br>( da )<br>*d̪ə* | ध<br>( dha )<br>*d̪ʰə* | न<br>( na )<br>*nə* |
| प<br>( pa)<br>*pə* | फ<br>( pha )<br>*pʰə* | ब<br>( ba )<br>*bə* | भ<br>( bha )<br>*bʰə* | म<br>( ma )<br>*mə* |
| य<br>( ya )<br>*jə* | र<br>( ra )<br>*ɾə* | ल<br>( la )<br>*lə* | व<br>( va )<br>*ʋə* | |
| श<br>( sha )<br>*ʃə* | ष<br>( sha )<br>*ʂə* | स<br>( sa )<br>*sə* | ह<br>( ha )<br>*ɦə* | |

- **संयुक्त व्यंजन / Sanyukt Vyanjan / Conjunct Consonant**
  - **संयुक्त व्यंजन** वे व्यंजन होते हैं जो दो व्यंजनों से मिलकर बनते हैं। ये एक साथ उच्चारित होते हैं और इनके बीच कोई स्वर नहीं आता।
  - **Sanyukt Vyanjan** ve vyanjan hote hain jo do vyanjano ke milkar bante hain. Ye ek saath uchcharit hote hain aur inke beech koi swar nahi aata.
  - **Conjunct Consonants** are consonants that consist of two Consonants. These are pronounced together and there is no vowel between them.

| क्ष | त्र | ज्ञ | श्र |
|---|---|---|---|
| ( ksha ) | ( tra ) | ( gya ) | ( Shra ) |
| kʂə | t̪rə | gjə | ʃrə |

| संयुक्त व्यंजन / Sanyukt Vyanjan / Conjunct Consonants |
|---|
| क् + ष = क्ष |
| त् + र = त्र |
| ज् + ञ = ज्ञ |
| श् + र = श्र |

- **अन्य व्यंजन / Anya vyanjan / Other Consonants**
  - ड़ और ढ़ हिंदी वर्णमाला के विशेष व्यंजन हैं।
  - ड़ aur ढ़ Hindi varnmala ke vishesh vyanjan hain.
  - ड़ - da / ɽ and ढ़ - dha / $ɽ^{ɦ}$ are special consonants in the Hindi alphabet.

**'ड़' (da) / (ɽ)**

- ड़ - da / ɽə हिंदी वर्णमाला का एक विशेष व्यंजन है, जो ड में हल्का कंपन (vibration) होने से बनता है। इसे "उत्क्षिप्त" (flap) कहा जाता है।
- ड़ - da / ɽə Hindi varnmala ka ek vishesh vyanjan hai, jo ड mein halka kampan (vibration) hone se banta hai. Ise Utshipt ( flap) kaha jata hai.
- ड़ - da / ɽə is a unique consonant in the Hindi script, formed by a slight vibration to ड- da / ɖə. It is called a flap.

| ड- da / ɖə | ड़ - da / ɽə |
|---|---|
| डमरू / Damru / Drum | लड़का / Ladka / Boy |
| डाकिया / Dakiya / Postman | सड़क / Sadak / Road |
| डर / Dar / Fear | झगड़ा / Jhagda / Fight |

| | |
|---|---|
| डंडा / Danda / Stick | झाड़ू / Jhadu / Broom |
| डिब्बा / Dibba / Container | पेड़ / Ped / Tree |
| डलिया / Daliya / Basket | गाड़ी / Gaadi / Car |

## 'ढ़' (dha) / (ɽʱə)

- **ढ़-** (dha) / (ɽʱə) भी हिंदी वर्णमाला का एक विशेष व्यंजन है, जो **ढ-** (dha) / (ɖʱə) की तरह ही उच्चरित होता है लेकिन इसमें भी कंपन होता है। यह "उत्क्षिप्त" (retroflex flap with aspiration) कहलाता है।
- **ढ़-** (dha) / (ɽʱə) bhi Hindi varnmala ka ek vishesh vyanjan hai, jo **ढ-** (dha) / (ɖʱə) ki tarah hi uchcharit hota hai lekin ismein bhi kampan hota hai. Yah Utshipt (retroflex flap with aspiration) kehlata hai.
- **ढ़-** (dha) / (ɽʱə) is also a special consonant in the Hindi script, pronounced similarly to **ढ-** (dha) / (ɖʱə) but with added vibration. It is called a retroflex flap with aspiration.

| ढ- (dha) / (ɖʱə) | ढ़- (dha) / (ɽʱə) |
|---|---|
| ढक्कन / Dhakkan / Lid | बढ़ना / Badhna / Increase |
| ढेला / Dhela / Lump | पढ़ना / Padhana / Read |
| ढाल / Dhaal / Shield | गढ़ना / Gadhna / Concoct |
| ढलान / Dhalaan / Slope | चढ़ना / Chadna / Climb |

**अर्ध व्यंजन / Ardh Vyanjan/ Half-Consonants**

- जब दो व्यंजन बिना स्वर के एक साथ आते हैं, तो पहला व्यंजन "अर्ध व्यंजन" कहलाता है। इसे हलंत (्) चिह्न द्वारा दर्शाया जाता है, जैसे - क् , ग् , ब् , द् आदि।
- Jab do vyanjan bina swar ke saath aate hain, to pehla vyanjan "ardh vyanjan" kehlata hai. Yeh "halant (्)" se dikhaya jata hai , jaise - k, g, b, d aadi.
- When two consonants are written together without a vowel in between, the first consonant becomes a **half consonant** (Ardha Vyanjan). It is shown using the symbol **Halant (्), like - k, g, b, d etc.**

| संयुक्त व्यंजन | हिंदी शब्द | Roman | English |
|---|---|---|---|
| क् + ष = क्ष | क्षमा | Kshma | Forgiveness |
| त् + र = त्र | त्रिकोण | Trikon | Triangle |
| ज् + ञ = ज्ञ | ज्ञान | Gyan | Knowledge |
| त् + य = त्य | त्याग | Tyag | Sacrifice |
| न् + य = न्य | न्याय | Nyaya | Justice |
| श् + र = श्र | श्रम | Shram | Labour |
| द् + व = द्व | द्वार | Dwar | Door |
| स् + न = स्न | स्नान | Snan | Bath |
| स् + थ = स्थ | स्थान | Sthan | Place |

- **हिंदी की मात्राएँ**

  स्वर को दर्शाने वाले जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, वे 'मात्राएँ' कहलाती हैं। ये मात्राएँ व्यंजनों के साथ जुड़कर उनकी ध्वनि में परिवर्तन लाती हैं। हिंदी में कुल 12 मात्राएँ होती हैं।

- **Hindi ki Matraen**

  Swar ko darshane wale jin chinhon ka prayog kiya jata hai, ve 'Matraen' kahalaati hain. Ye matraen vyanjanon ke sath judkar unki dhvani mein parivartan lati hain. Hindi mein kul 12 matraen hoti hain.

- **Hindi Matra**

  The symbols used to represent vowels are called 'Matra'. These ‘Matra’ join with consonants to modify their sound. There are 12 matras in Hindi.

## बारहखड़ी / Barahkhadi

| स्वर / Swar / Vowel | मात्रा | Roman | बारहखड़ी / Barahkhadi | Roman |
|---|---|---|---|---|
| अ | ‘अ’ के लिए किसी मात्रा का प्रयोग नहीं होता/ ‘a’ ke liye kisi matra ka prayog nahi hota. /No matra (vowel sign) is used for ‘a’ | a | क | ka |
| आ | ◌ा | aa | क + ◌ा = का | kaa |
| इ | ि◌ | i | क + ि◌ = कि | ki |
| ई | ◌ी | ee | क + ◌ी = की | kee |
| उ | ◌ु | u | क + ◌ु = कु | ku |
| ऊ | ◌ू | oo | क + ◌ू = कू | koo |
| ऋ | ◌ृ | ri | क + ◌ृ = कृ | kri |
| ए | ◌े | e | क + ◌े = को | ke |
| ऐ | ◌ै | ai | क + ◌ै = कै | kai |
| ओ | ◌ो | o | क + ◌ो = को | ko |
| औ | ◌ौ | au | क + ◌ौ = कौ | kau |
| अं | ◌ं | an | क + ◌ं = कं | kan |
| अः | ◌ः | ah | क + ◌ः = कः | kah |

## अभ्यास / Abhyas / Exercise

**निम्नलिखित वर्णों का उच्चारण करें। / Nimnalikhit varno ka uchcharan karein . / Pronounce the following Letter.**

| वर्ण / Varn / Letter | उच्चारण / Uccharan / Pronunciation |
|---|---|
| अ | a |
| आ | aa |
| इ | e |
| ई | ee |
| उ | u |
| क | ka |
| ख | kha |
| ग | ga |
| च | cha |
| छ | chha |
| क्ष | ksha |
| त्र | tra |
| ज्ञ | gya |
| श्र | shra |
| ज | ja |
| ड | da |
| द | da |
| ब | ba |
| ल | la |
| स | sa |
| घ | gha |
| झ | jha |
| ढ | dha |
| ध | dha |
| भ | bha |
| व | va |
| ह | ha |

**निम्नलिखित स्वर वर्णों को लिखकर अभ्यास करें / Nimnalikhit swar varno ko likhkar abhyas karein / Practice by writing the following vowels.**

**स्वर / Swar / Vowels -**

1. अ
2. आ
3. इ
4. ई
5. उ
6. ओ
7. अं

**निम्नलिखित व्यंजन वर्णों को लिखकर अभ्यास करें / Nimnalikhit Vyanjan varno ko likhkar abhyas karein / Practice by writing the following consonants.**

**व्यंजन / Vyanjan / Consonants -**

1. क
2. ख
3. ग
4. घ
5. च
6. छ

**निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों को लिखकर अभ्यास करें / Nimnalikhit sanyukt vyanjano ko likhkar abhyas karein / Practice by writing the following Conjunct Consonant.**

**संयुक्त व्यंजन / Sanyukt Vyanjan / Conjunct Consonant -**

1. क्ष
2. त्र
3. ज्ञ
4. श्र

************* *************

# 2

## आइए शब्द बनाएं / Aaiye shabd banayein / Let's make words

- शब्द एक या एक से अधिक वर्णों के आपस में जुड़ने से बनते हैं। इस अध्याय में दो, तीन एवं चार वर्णों से बने शब्दों के बनने की प्रक्रिया को सीखेंगे। साथ ही मात्राओं से जुड़कर बने सरल शब्दों को भी जानेंगे ।
- Shabd ek yaa ek se adhik varnon ke aapas mein judne se bante hain. Is adhyay mein do, teen evam chaar varnon se bane shabdon ke banne ki prakriya ko seekhenge. Saath hi matraon se judkar bane saral shabdon ko bhi jaanenge.
- Words are formed by joining one or more letters together. In this chapter, we will learn the process of forming words with two, three, and four letters. We will also get to know simple words formed with the help of vowel signs (matras).

**नीचे दो वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएं गए हैं / Neeche do varno ko jodkar shabd banaiye gaye hain / Below are words formed by combining two letters**

| क्रम | दो वर्ण | शब्द |
|---|---|---|
| 1. | क + ल | कल |
| 2. | ख + ग | खग |
| 3. | ग + ज | गज |
| 4. | च + र | चर |
| 5. | च + ख | चख |
| 6. | छ + त | छत |
| 7. | ज + ल | जल |
| 8. | त + प | तप |
| 9. | द + र | दर |
| 10. | द + म | दम |
| 11. | न + थ | नथ |
| 12. | ब + ल | बल |
| 13. | ब + न | बन |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | ट + क | टक |
| 15. | ग + म | गम |
| 16. | ल + त | लत |
| 17. | च + ट | चट |
| 18. | भ + य | भय |
| 19. | स + ब | सब |
| 20. | भ + र | भर |

**नीचे तीन वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएं गए हैं / Neeche teen varno ko jodkar shabd banaiye gaye hain / Below are words formed by combining three letters**

| क्रम | तीन वर्ण | शब्द |
|---|---|---|
| 1. | प + व + न | पवन |
| 2. | प + त + न | पतन |
| 3. | च + म + क | चमक |
| 4. | र + प + ट | रपट |
| 5. | न + म + क | नमक |
| 6. | ग + म + न | गमन |
| 7. | श + र + द | शरद |
| 8. | क + म + ल | कमल |
| 9. | च + र + ण | चरण |
| 10. | स + न + क | सनक |

**नीचे चार वर्णों को जोड़कर शब्द बनाएं गए हैं / Neeche Chaar varno ko jodkar shabd banaiye gaye hain / Below are words formed by combining four characters**

| क्रम | चार वर्ण | शब्द |
|---|---|---|
| 1. | ब + च + प + न | बचपन |
| 2. | द + ल + ह + न | दलहन |
| 3. | च + ट + प + ट | चटपट |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | म + न + ह + र | मनहर |
| 5. | प + र + व + ल | परवल |
| 6. | ट + न + ट + न | टनटन |
| 7. | छ + न + छ + न | छनछन |
| 8. | ह + ल + च + ल | हलचल |
| 9. | ग + ड़ + ब + ड़ | गड़बड़ |
| 10. | क + ट + ह + ल | कटहल |

**नीचे वर्ण और मात्राओं को जोड़कर शब्द बनाएं गए हैं / Neeche varn aur maatrao ko jodkar shabd banaiye gaye hai / Below are words formed by combining letters and maatra.**

************* *************

# 3

# मेरा परिचय / Mera Parichay / My Introduction

काव्या है।
Mera naam Kavya hai.
My name is Kavya.



मैं 10 साल की हूँ।
Main 10 saal ki hoon.
I am 10 years old.

मैं भोपाल शहर में रहती हूँ।
Main Bhopal shahar mein rehti hoon.
I live in Bhopal city.

मेरा घर बहुत सुंदर है।
Mera ghar bahut sundar hai.
My house is very beautiful.

मेरे परिवार में मेरे साथ मेरी दादी , दादा ,मम्मी, पापा और भाई रहते हैं।
Mere parivar mein mere saath meri dadi, dada, mummy, papa aur bhaiya rehte hain.
I live with my grandmother, grandfather, mummy, papa and my elder brother.

मेरे पापा का नाम श्री राजीव कुमार है।
Mere papa ka naam Shri Rajeev Kumar hai.
My father's name is Mr. Rajeev Kumar.



मेरी माँ का नाम श्रीमती छाया कुमारी है।
Meri maa ka naam Shrimati Chhaya Kumari hai.
My mother's name is Mrs. Chhaya Kumari.

मेरे भाई का नाम दर्शिल कुमार है।
Mere bhaiya ka naam Darshil Kumar hai.
My elder brother's name is Darshil Kumar.

हम सब साथ में बहुत खुश रहते हैं।
ham sab saath mein bahut khush rehte hain.
We are all very happy together.

मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ती हूँ।
Main Delhi Public School mein padhti hoon.
I study at Delhi Public School.

मेरा पसंदीदा रंग नीला है।
Mera pasandida rang neela hai.
My favorite color is blue.

मुझे भारतीय भोजन पसंद है।
Mujhe Bhartiya bhojan pasand hai.
I like Indian food.

मैं बड़ी होकर पेंटर बनना चाहती हूँ।
Main badi hokar painter banna chahti hoon.
I want to become a painter when I grow up.



**अभ्यास / Abhyas / Exercise**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें / Niche diye gaye prashnon ke uttar dein / Answer the following questions:**

1. आपका नाम क्या है?

   ______________________

2. आप कहाँ रहते / रहती हैं?

   ______________________

3. आपके परिवार में कौन-कौन हैं?

   ______________________

4. आपको क्या खेलना पसंद है?

   ______________________

5. आपका पसंदीदा रंग कौन सा है?

   ______________________

**रिक्त स्थान भरें / rikt sthaan bharen / Fill in the blanks**

1. मेरा नाम ______________ है।
2. मैं ______________ में रहता / रहती हूँ।
3. मुझे ______________ खेलना पसंद है।

4. मेरा पसंदीदा रंग —————— है।

5. मैं बड़ा / बड़ी होकर —————— बनना चाहता / चाहती हूँ।

**एक या दो शब्दों में उत्तर दें / Ek ya do shabdon mein uttar den / Answer in one or two words:**

1. नाम लिखें ______________________________

2. शहर का नाम लिखें ______________________________

3. पिता का नाम ______________________________

4. माता का नाम ______________________________

## संवाद / Samvad / Conversation



**काव्या / Kavya / Kavya -**

नमस्ते, अर्जुन! कैसे हो?
Namaste, Arjun! Kaise ho?
Hello, Arjun! How are you?

**अर्जुन / Arjun / Arjun -**

नमस्ते, काव्या! मैं ठीक हूँ। तुम कैसी हो?
Namaste, Kavya! main theek hoon tum kaisi ho?
Hello, Kavya! I'm fine. How are you?

**काव्या / Kavya / Kavya -**

मैं भी ठीक हूँ।
main bhee theek hoon
I am fine too

**अर्जुन / Arjun / Arjun -**

तुम्हारे परिवार में कौन-कौन है?
Tumhare parivar mein kaun-kaun hai?
How many members in your family?

**काव्या / Kavya / Kavya -**

मेरे परिवार में मम्मी, पापा और मेरी बहन हैं । तुम्हारे परिवार में कौन है?
Mere parivar mein mummy, papa aur meri behen hain. Tumhare parivar mein kaun hai?
In my family, there are mummy, papa, and my sister. Who is in your family?

**अर्जुन / Arjun / Arjun -**

मेरे परिवार में मेरी मम्मी, पापा और मेरा भाई हैं। Mere parivar mein meri mummy, papa aur mera bhai hai.
In my family, there are my mummy, papa, and my brother.

4

# गिनती सीखें / Ginti Seekhein / Learn counting




| संख्या | अंक | शब्द | Roman | English |
|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | शून्य | shunya | Zero |
| 1 | १ | एक | ek | One |
| 2 | २ | दो | do | Two |
| 3 | ३ | तीन | teen | Three |
| 4 | ४ | चार | chaar | Four |
| 5 | ५ | पाँच | paanch | Five |
| 6 | ६ | छह | chhah | Six |
| 7 | ७ | सात | saat | Seven |
| 8 | ८ | आठ | aath | Eight |
| 9 | ९ | नौ | nau | Nine |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | १० | दस | das | Ten |
| 11 | ११ | ग्यारह | gyaarah | Eleven |
| 12 | १२ | बारह | baarah | Twelve |
| 13 | १३ | तेरह | terah | Thirteen |
| 14 | १४ | चौदह | chaudah | Fourteen |
| 15 | १५ | पंद्रह | pandrah | Fifteen |
| 16 | १६ | सोलह | solah | Sixteen |
| 17 | १७ | सत्रह | satrah | Seventeen |
| 18 | १८ | अठारह | atharah | Eighteen |
| 19 | १९ | उन्नीस | unnees | Nineteen |
| 20 | २० | बीस | bees | Twenty |
| 21 | २१ | इक्कीस | ikkees | Twenty One |
| 22 | २२ | बाईस | baaees | Twenty Two |
| 23 | २३ | तेईस | teis | Twenty Three |
| 24 | २४ | चौबीस | chaubees | Twenty Four |
| 25 | २५ | पच्चीस | pachchees | Twenty Five |
| 26 | २६ | छब्बीस | chhabbees | Twenty Six |
| 27 | २७ | सत्ताईस | sattaees | Twenty Seven |
| 28 | २८ | अट्ठाईस | atthaeis | Twenty Eight |
| 29 | २९ | उनतीस | unatees | Twenty Nine |
| 30 | ३० | तीस | tees | Thirty |
| 31 | ३१ | इकतीस | ikatees | Thirty One |
| 32 | ३२ | बत्तीस | battees | Thirty Two |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **33** | ३३ | तैंतीस | taintees | Thirty Three |
| **34** | ३४ | चौंतीस | chauntees | Thirty Four |
| **35** | ३५ | पैंतीस | paintees | Thirty Five |
| **36** | ३६ | छत्तीस | chhattees | Thirty Six |
| **37** | ३७ | सैंतीस | saintees | Thirty Seven |
| **38** | ३८ | अड़तीस | adtees | Thirty Eight |
| **39** | ३९ | उनतालीस | unataalees | Thirty Nine |
| **40** | ४० | चालीस | chaalees | Fourty |
| **41** | ४१ | इकतालीस | ikataalees | Fourty One |
| **42** | ४२ | बयालीस | Bayaalees | Fourty Two |
| **43** | ४३ | तैंतालीस | taintalees | Fourty Three |
| **44** | ४४ | चौवालीस | chauvalees | Fourty Four |
| **45** | ४५ | पैंतालीस | paintalees | Fourty Five |
| **46** | ४६ | छियालीस | chhiyalees | Fourty Six |
| **47** | ४७ | सैंतालीस | saintaalees | Fourty Seven |
| **48** | ४८ | अड़तालीस | adtalees | Fourty Eight |
| **49** | ४९ | उनचास | unachas | Fourty Nine |
| **50** | ५० | पचास | pachaas | Fifty |

**आओ सीखें गिनती साथ / Aao seekhein ginti saath / Lets learn counting together**

| हिंदी | Roman | English |
|---|---|---|
| एक, दो, तीन, चार, | Ek, do teen, char | One, two, three, four |
| गिनती सीखें बार-बार। | Ginti seekhen bar-bar | Learn counting again and again |
| पाँच, छह, सात, आठ, | Panch, Chhah, Saat, Aath | Five, six, seven, eight |
| आओ सीखें गिनती का पाठ | Aao seekhen ginti ka path | Let's learn a counting lesson |

**अभ्यास / Abhyas / Exercise**

**1 से 20 तक की गिनती हिंदी में लिखें / 1 se 20 tak ki ginti hindi mein likhen / Write numbers from 1 to 20 in Hindi**

शून्य

एक

दो

तीन

चार

पाँच

छह

सात

आठ

नौ

दस

ग्यारह

बारह

तेरह

चौदह

पंद्रह

सोलह

सत्रह

अठारह

उन्नीस

बीस

**निम्नलिखित संख्याओं को शब्दों में लिखें / Nimnlikhit sankhyaon ko sabdon mein likhein / Write the given numbers in words**

- **25**
- **33**
- **42**
- **50**

नीचे दिए गए चित्र में कितनी वस्तुएँ हैं? / Neeche diye gaye chitra mein kitni vastuen hain ? / How many objects are there in the picture below?

| | | |
|---|---|---|
| a) |  ________ |  ________ |
| b) |  ________ |  ________ |
| c) |  ________ |  ________ |
| d) |  ________ |  ________ |

************* *************

# 5

# समय / Samay / Time

**1. सुबह / Subah / Morning**

- मैं सुबह **6 बजे** उठता हूँ।
- Main subah **6 baje** uthta hoon.
- I wake up at **6 AM.**

- मैं **7 बजे** स्कूल जाता हूँ।
- Main **7 baje** school jaata hoon.
- I go to school at **7 AM.**

**2. दोपहर / Dophar / Afternoon**

- मैं दोपहर **1 बजे** खाना खाता हूँ।
- Main dopahar **1 baje** khaana khaata hoon.
- I eat lunch at **1 PM.**

**3. शाम / Shaam / Evening**

- मैं शाम **5 बजे** खेलता हूँ।
- Main shaam **5 baje** khelta hoon.
- I play at **5 PM**.

- मैं **6 बजे** घर आता हूँ।
- Main **6 baje** ghar aata hoon.

**4. रात / Raat / Night**

- मैं रात **8 बजे** खाना खाता हूँ।
- Main raat **8 baje** khaana khaata hoon.
- I eat dinner at **8 PM**.

- मैं **9 बजे** सो जाता हूँ।
- Main **9 baje** so jaata hoon.
- I go to sleep at **9 PM.**

- I come home at **6 PM.**



| घड़ी में समय | हिंदी में | Roman | English |
|---|---|---|---|
|  7:00 | सात बजे | Saat baje | Seven o'clock |
|  9:30 | साढ़े नौ बजे | Saadhe nau baje | Half past nine |
|  10:15 | सवा दस बजे | Sawa das baje | Quarter past ten |
|  11:45 | पौने बारह बजे | Paune baarah baje | Quarter to twelve |
|  00:15 | सवा | Sava | A Quarter |
|  01:30 | 1 बज कर 30 मिनट / डेढ़ | 1 baj kar 30 minute / Dedh | Half past one |

| | | | |
|---|---|---|---|
| <br>02:30 | 2 बज कर 30 मिनट / ढाई | 2 baj kar 30 minute / Dhai | Half past two |
| <br>03:00 | तीन बजे | Teen baje | Three o'clock |

**अभ्यास / Abhyas / Exercise**

**मिलान करें / Milan Karen / Match the Following**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सुबह | ● 1 बजे सोना |
| 2. | दोपहर | ● 7 बजे उठना |
| 3. | शाम | ● 9 बजे खाना |
| 4. | रात | ● 5 बजे खेलना |

**खाली स्थान भरें / Khali sthan bharen / Fill in the Blanks**

1. मैं सुबह _______ बजे उठता हूँ।
2. मैं दोपहर _______ बजे खाना खाता हूँ।
3. मैं शाम _______ बजे खेलता हूँ।
4. मैं रात _______ बजे सो जाता हूँ।

**घड़ी बनाएं / Ghadi banayen / Draw a Clock**

**नीचे दिए गए समय को घड़ी में दिखाएं / Neeche diye gaye samay ko ghadi mein dikhayein / Show the time given below on the clock**

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| नौ | साढ़े छह | सवा पाँच | पौने दस |

**चित्र देखकर समय लिखें / Chitra dekh kar samay likhein / Write down the time by looking at the picture**

| | |
|---|---|
|  ________________ |  ________________ |
|  ________________ |  ________________ |

## संवाद / Samvad / Conversation



**गुड़िया: दादी**, इस घड़ी में कितना समय हो रहा है?
**Gudiya:** Dadi, is ghadi main kitana samay ho raha hai?
**Gudiya:** Grandma, what time is it on this clock?

**दादी:** इसमें अभी 8 बजे हैं।
**Dadi:** Isme 8 baje hain.
**Dadi:** It is 8 o'clock.

**गुड़िया:** अच्छा! तो अब मुझे नाश्ता करना चाहिए?
**Gudiya:** Accha! To ab mujhe nashta karna chahiye?
**Gudiya:** Oh! So should I eat breakfast now?

**दादी:** हाँ, अब नाश्ते का समय है।
**Dadi:** Haan, ab nashtay ka samay hai.
**Dadi:** Yes, it's breakfast time now.

**गुड़िया: दादी**, दोपहर का समय कब होता है?
**Gudiya:** Dadi, dopahar ka samay kab hota hai?
**Gudiya:** Grandma, when is it afternoon?

**दादी:** जब घड़ी में 12 से 4 तक का समय होता है, वह दोपहर कहलाता है।
**Dadi:** Jab ghadi mein 12 se 4 tak ka samay hota hai, woh dopahar kehlaata hai.
**Dadi:** When it's between 12 to 4 on the clock, it's called afternoon.

**गुड़िया:** और शाम कब होती है?
**Gudiya:** Aur shaam kab hoti hai?
**Gudiya:** And when is evening?

**दादी:** जब सूरज ढलने लगे 4 बजे से 7 बजे तक, वह शाम होती है।
**Dadi::** Jab sooraj dhalne lage 4 baje se 7 baje tak, woh shaam hoti hai.
**Dadi:** When the sun starts to set from 4 to 7 , it's evening.

**गुड़िया:** और रात?
**Gudiya:** Aur raat?
**Gudiya:** And night?

दादी**:** 7 बजे के बाद रात होती है। तब हम खाना खाते हैं और सो जाते हैं।

**Dadi:** 7 baje ke baad raat hoti hai. Tab hum khana khaate hain aur so jaate hain.
**Dadi:** After 7 PM, it's night. Then we eat dinner and go to sleep.

गुड़िया: अब मैं घड़ी देखना सीख गई!
**Gudiya:** Ab main ghadi dekhna seekh gayi!
**Gudiya:** Now I've learned to read the clock!

**दादी:** शाबाश मेरी गुड़िया!
**Dadi:** Shabaash meri Gudiya!
**Dadi:** Well done, my Gudiya!

**शब्दावली / Shabdavali / Vocabulary**

| क्रम | हिंदी | Roman | English |
|---|---|---|---|
| **1.** | सुबह | Subah | Morning |
| **2.** | दोपहर | Dopahar | Afternoon |
| **3.** | शाम | Shaam | Evening |
| **4.** | रात | Raat | Night |
| **5.** | घड़ी | Ghadi | Clock / Watch |
| **6.** | मिनट | Minute | Minute |
| **7.** | घंटा | Ghanta | Hour |
| **8.** | समय | Samay | Time |
| **9.** | जल्दी | Jaldi | Early |
| **10.** | देर | Der | Late |

************* *************

# 6

# सप्ताह के दिन / Saptah ke din / Days of week



**सप्ताह के दिन / Saptah ke din / Days of week**

| क्र. | हिंदी | Roman | English |
|---|---|---|---|
| 1. | सोमवार | Somvaar | Monday |
| 2. | मंगलवार | Mangalvaar | Tuesday |
| 3. | बुधवार | Budhvaar | Wednesday |
| 4. | गुरुवार | Guruvaar | Thursday |
| 5. | शुक्रवार | Shukravaar | Friday |
| 6. | शनिवार | Shanivaar | Saturday |
| 7. | रविवार | Ravivaar | Sunday |

**अभ्यास / Abhyas / Exercises**

**निम्नलिखित दिनों के नाम को उनके सही क्रम में लिखें / Nimnalikhit dinon ke naam ko unake sahee kram mein likhen / Write the name of the following days in their correct order**

| | |
|---|---|
| • सोमवार | 1. |
| • गुरुवार | 2. |
| • शुक्रवार | 3. |
| • शनिवार | 4. |
| • रविवार | 5. |
| • मंगलवार | 6. |
| • बुधवार | 7. |

**प्रत्येक दिन का नाम पाँच बार लिखें और लिखते समय नाम को जोर से बोलें / Pratyek din ka naam paanch baar likhen aur likhte samay naam ko jor se bolen / Write each days name five times and say the name loudly while writing.**

- सोमवार
- मंगलवार
- शुक्रवार
- बुधवार
- शनिवार

**हर गोले में एक दिन का नाम लिखिए / Har gole me ek din ka naam likhiye / Write the name of a day in each circle.**



## संवाद / Samvad / Conversation



**एलीसा**: नमस्ते रवि जी!
**Alisa:** Namaste Ravi ji!
**Alisa:** Hello, Mr. Ravi!

**रवि**: नमस्ते एलीसा! कैसी हैं?
**Ravi:** Namaste Alisa! Kaisi hain?
**Ravi:** Hello, Alisa! How are you?

**एलीसा**: मैं ठीक हूँ। आप कैसे हैं?
**Alisa:** Main theek hoon. Aap kaise hain?
**Alisa:** I'm fine. How are you?

**रवि**: मैं भी अच्छा हूँ।
**Ravi:** Main bhi accha hoon.
**Ravi:** I'm good too.

**एलीसा**: रवि जी, सोमवार को आप क्या कर रहे हैं?
**Alisa:** Ravi ji, Somvaar ko aap kya kar rahe hain?
**Alisa:** Mr. Ravi, what are you doing on Monday?

**रवि**: सोमवार को मैं ऑफिस में एक मीटिंग में व्यस्त हूँ।
**Ravi:** Somvaar ko main office mein ek meeting mein vyast hoon.
**Ravi:** On Monday I am busy in a meeting in the office.

**एलीसा**: अच्छा! मंगलवार को क्या आपके ऑफिस में कोई कार्यक्रम है?
**Alisa:** Accha! Mangalvaar ko kya aapke office mein koi karyakram hai?
**Alisa:** Oh! Is there any event at your office on Tuesday?

**रवि:** हाँ, मंगलवार को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। आप आना चाहें तो स्वागत है।
**Ravi:** Haan, Mangalvaar ko ek sanskritik karyakram hai. Aap aana chahein to swagat hai.
**Ravi:** Yes, on Tuesday there's a cultural program. You are welcome to join.

**एलीसा**: जरूर! और बुधवार को?
**Alisa:** Zaroor! Aur Budhvaar ko?
**Alisa:** Sure! And on Wednesday?

**रवि**: बुधवार को मैं घर से काम करूँगा।
**Ravi:** Budhvaar ko main ghar se kaam karoonga.
**Ravi:** On Wednesday, I'll be working from home.

**एलीसा**: गुरुवार को तो शायद छुट्टी है?
**Alisa:** Guruvaar ko to shayad chhutti hai?
**Alisa:** Maybe Thursday is a holiday?

**रवि:** हाँ, गुरुवार को ऑफिस बंद है।
**Ravi:** Haan, Guruvaar ko office band hai.
**Ravi:** Yes, the office is closed on Thursday.

**एलीसा**: शुक्रवार को मैं एक रिपोर्ट जमा करूँगी।
**Alisa:** Shukravaar ko main ek report jama karoongi.
**Alisa:** On Friday, I will submit a report.

**रवि**: बढ़िया! शनिवार और रविवार को तो आराम का दिन होता है।
**Ravi:** Badhiya! Shanivaar aur Ravivaar ko to aaram ka din hota hai.
**Ravi:** Great! Saturday and Sunday are relaxing days.

**एलीसा**: बिल्कुल! सप्ताहांत में आराम जरूरी है।
**Alisa:** Bilkul! Saptahant mein aaram zaroori hai.
**Alisa:** Absolutely! Rest is important on weekends.

## शब्दावली / Shabdavali / Vocabulary

| हिंदी | Roman | English |
| --- | --- | --- |
| सप्ताह | Saptah | Week |
| दिन | Din | Day |
| सोमवार | Somvaar | Monday |
| मंगलवार | Mangalvaar | Tuesday |
| शक्ति | Shakti | Power |
| सितारा / तारा | Sitaara / Tara | Star |
| बुधवार | Budhvaar | Wednesday |
| बुद्धि | Buddhi | Intelligence |
| गुरुवार | Guruvaar | Thursday |
| ज्ञान | Gyan | Knowledge |
| शुक्रवार | Shukravaar | Friday |
| कविता | Kavita | Poem |
| रविवार | Ravivaar | Sunday |

************* क ख ग Ka Kha Ga *************

# 7

## महीनों के नाम / Mahinon Ke Naam / Names of Months




| हिंदी | Roman | English |
|---|---|---|
| चैत्र | Chaitra | March – April |
| वैशाख | Veshaakh | April – May |
| ज्येष्ठ | Jyesth | May - June |
| आषाढ़ | Asaad | June – July |
| श्रावण ( सावन ) | Shravan | July – August |
| भाद्रपद | Bhaprad | August – September |
| आश्विन | Ashwin | September – October |
| कार्तिक | Kartik | October – November |
| मार्गशीर्ष / अगहन | Margshirsh / Aghan | November – December |
| पौष | Posh | December – January |
| माघ | Magh | January – February |
| फाल्गुन | Phalgun | February - March |

***नोट / Note / Note:- महीनों के नाम भारतीय संदर्भ में / Mahino ke naam bhartiye sandarbh mein / Name of months in Indian context***

1. **चैत्र ( मार्च - अप्रैल | March - April)**
    - चैत्र में आता है वसंत। पेड़-पौधे नए पत्तों से भर जाते हैं।
    - Chaitra mein aata hai vasant. Ped-paudhe naye Patton se bhar jaate hain.
    - Chaitra brings spring. Trees and plants get filled with new leaves.
2. **वैशाख ( अप्रैल - मई | April - May)**
    - इस माह में गर्मी बढ़ने लगती है। आम के पेड़ पर बौर (फूल) आते हैं।
    - Is maah mein garmi badhne lagti hai. Aam ke ped par baur (Phool) aate hain.
    - In this month the heat starts increasing. Mango trees blossom.
3. **ज्येष्ठ ( मई - जून | May - June)**
    - यह है सबसे गर्म महीना! लोग ठंडी चीजें खाते-पीते हैं।
    - Yah hai sabse garm mahina! Log thandi cheezen khaate-peete hain.
    - This is the hottest month! People eat and drink cold things.
4. **आषाढ़ ( जून - जुलाई | June - July)**
    - बारिश की फुहारें आती हैं। बच्चे कागज की नाव तैराते हैं।
    - Barish ki phuhaarein aati hain. Bacche kagaz ki naav tairate hain.
    - Monsoon showers comes. Children float paper boats.
5. **श्रावण ( जुलाई - अगस्त | July - August)**
    - यह पूरा महीना बारिश का होता है। खेतों में हरियाली छा जाती है।
    - Yah poora mahina barish ka hota hai. Kheton mein hariyali chha jaati hai.
    - This entire month is rainy. Greenery take over the fields.
6. **भाद्रपद ( अगस्त - सितंबर | August - September)**
    - अब आता है त्यौहारों का समय! इस समय बहुत सारे त्यौहार मनाए जाते हैं। जैसे- राखी, कृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी ।
    - Ab aata hai tyoharon ka samay! Is samay bahut saare tyohar manaye jaate hain. Jaise- Rakhi, Krishna Janmashtami aur Ganesh Chaturthi.
    - Now comes the time of festivals! Many festivals are celebrated at this time. Like- Rakhi, Krishna Janmashtami aur Ganesh Chaturthi.

7. **आश्विन ( सितंबर - अक्टूबर | September - October)**
- आश्विन में दशहरा त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।
- Ashwin mein Dussehra tyohar manaya jata hai. Yah tyohar buraai par achchai ki jeet ka prateek hai.
- Dussehra festival is celebrated in Ashwin. This festival symbolizes the victory of good over evil.

8. **कार्तिक ( अक्टूबर - नवंबर | October - November)**
- कार्तिक माह में दीपावली मनाते हैं। घर-घर में दीप जलाते हैं।
- Kartik maah mein Deepawali manate hain. Ghar-ghar mein deep jalate hain.
- Diwali is celebrated in the month of Kartik. Lamps are lit in every house.

9. **मार्गशीर्ष / अगहन ( नवंबर - दिसंबर | November - December)**
- इस माह में सर्दी आने लगती है। लोग गरम कपड़े पहनते हैं।
- Is maah mein sardi aane lagti hai. Log garam kapde pehente hain.
- Winter starts in this month. People wear warm clothes.

10. **पौष ( दिसंबर - जनवरी | December - January)**
- इस माह में बहुत ठंड होती है। आग के पास बैठना अच्छा लगता है।
- Is maah mein bahut thand hoti hai. Aag ke paas baithna accha lagta hai.
- It is very cold in this month. It feels good to sit near the fire.

11. **माघ ( जनवरी - फरवरी | January - February)**
- इस माह में कोहरा छा जाता है। बसंत की आहट मिलने लगती है।
- Is maah mein kohora chha jaata hai. Vasant ki aahat milne lagti hai.
- There is fog in this month. The sounds of spring start coming.

12. **फाल्गुन ( फरवरी - मार्च | February - March)**
- यह वर्ष का आखिरी माह होता है। इस माह होली आती है, होली रंग और गुलाल खेलकर मनाई जाती है।
- Yah varsh ka aakhiri maah hota hai. Is maah Holi aati hai, Holi Rang aur Gulal khelkar manai jaati hai.
- This is the last month of the year. Holi comes in this month, Holi is celebrated by applying colors and gulal.

# अभ्यास / Abhyas / Exercise

